Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972

NAAC GRADE A+
ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## Desh Bhagat University Grapplers Triumph at All India Inter-University Ju-Jitsu Championship




Students from Desh Bhagat University (DBU) delivered a commanding performance at the All India Inter-University Ju-Jitsu Championship, clinching an impressive medal haul that included three gold medals. Hosted by LNCT University in Bhopal, the prestigious event drew elite martial artists from universities nationwide.

Spearheading DBU's stellar campaign were gold medalists Mamta Upadhyay, Kajal Pandey and Pramod, who exhibited flawless technique, unyielding determination, and poise to claim victory in their respective weight categories. Their decisive finals performances crowned them All-India University Champions.

Bolstering the tally were silver medalists Vinoj Kumar, Arvind Dewasi, and Kuldeep, who mounted fierce challenges but fell just short in razor-close finals.

DBU's depth shone through with bronze medals for Mamta Mehela, Tannu, Megha, and Avinash, each displaying remarkable resilience and competitive fire.



University leaders including Chancellor Dr. Zora Singh, Pro-Chancellor Dr. Tejinder Kaur, President Dr. Sandeep Singh, and Vice-Chancellor Dr. Harsh Sadawarti voiced profound pride in the team's accomplishments. They extended heartfelt congratulations to Team Manager Mandeep Kumar and Coach Rahul for their unwavering commitment in forging these national-level triumphs.

This feat cements Desh Bhagat University's status as a rising powerhouse in Indian martial arts and combat sports. The athletes returned to a hero's welcome, having etched their mark on the national inter-university arena.

## देश भगत विश्वविद्यालय के पहलवानों ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जू–जित्सु चौम्पियनशिप में विजय प्राप्त की




देश भगत विश्वविद्यालय (डीबीयू) के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जू–जित्सु चौम्पियनशिप में अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदकों सहित अनेक पदक अपने नाम किए। भोपाल स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के उत्कृष्ट मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया।

डीबीयू के शानदार अभियान का नेतृत्व स्वर्ण पदक विजेता ममता उपाध्याय, काजल पांडेय तथा प्रमोद ने किया, जिन्होंने अपनी–अपनी भार श्रेणियों में उत्कृष्ट तकनीक, अटूट संकल्प और संतुलित प्रदर्शन का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की। उनके निर्णायक फाइनल मुकाबलों ने उन्हें अखिल भारतीय विश्वविद्यालय चौम्पियन बना दिया।

रजत पदक विजेता विनोज कुमार, अरविंद देवासी और कुलदीप ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, यद्यपि वे अत्यंत कड़े मुकाबलों में थोड़े अंतर से पीछे रह गए।




डीबीयू की प्रतिभा का विस्तार कांस्य पदक विजेताओं ममता मेहेला, तन्नु, मेघा और अविनाश के माध्यम से भी स्पष्ट हुआ, जिन्होंने अद्भुत धैर्य और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के नेतृत्वकर्ताओं कुलाधिपति डॉ. जोरा सिंह, प्रो–कुलाधिपति डॉ. तेजिंदर कौर, अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह और कुलपति डॉ. हर्ष सदावर्ती ने टीम की उपलब्धियों पर गहरा गर्व व्यक्त किया। उन्होंने टीम प्रबंधक मनदीप कुमार और प्रशिक्षक राहुल को राष्ट्रीय स्तर की इन सफलताओं के लिए हार्दिक बधाई दी।

यह उपलब्धि देश भगत विश्वविद्यालय को भारतीय मार्शल आर्ट एवं युद्धक खेलों में एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित करती है। खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतर–विश्वविद्यालय मंच पर अपनी पहचान अंकित कर वीरों की भांति स्वागत के साथ लौटे।

# THE NEWSLETTER



## Desh Bhagat University Celebrates World Creativity and Innovation Day to Inspire Global Progress

The Department of Business Management and Commerce at Desh Bhagat University, in partnership with the Innovation Mission Punjab Campus Ambassador and DBU Institution's Innovation Council (IIC), marked World Creativity and Innovation Day with enthusiasm and strong student participation. Held under the theme "Harnessing Creativity for Global Progress," the event spotlighted innovation's power to drive a sustainable, inclusive future.

Dr. Tavneet K. Reen, Assistant Professor, opened the program with a warm welcome to the dignitaries. Chief guests included Dr. Zora Singh, Hon'ble Chancellor, and Dr. Tajinder Kaur, Pro-Chancellor. Other distinguished attendees were Dr. Sandeep Singh, President; Dr. Gagandeep Kaur and Dr. Harsh Sadawarti, Vice Chancellors; Dr. Gurdip Singh Batra, Pro Vice Chancellor (RDC); Dr. Nidhi Gupta, Director; Dr. Dinesh, Convenor, DBU IIC; and Dr. Baldeep Singh, Department Coordinator, DBU IIC.

Dr. Dinesh kicked off the formal proceedings with a welcome address. He stressed nurturing creativity in students to tackle global challenges, noting that innovation spans technology, ideas, perspectives, and approaches that spark real societal change. He urged attendees to embrace curiosity, critical thinking, and adaptability.

Dr. Zora Singh praised the initiative, tying it to the theme. He called creativity the bedrock of progress across fields and insisted educational institutions must nurture innovative ideas. Global advancement, he added, hinges on young minds that think creatively and act responsibly.

Guest speaker PDG Amjad Ali, CEO of Carewel International Inc., offered insights on global innovation. He explained how creativity powers entrepreneurship and economic growth in a competitive landscape, highlighting adaptability, leadership, and lifelong learning. He challenged students to turn ideas into practical solutions for real-world problems.

Mr. Ashish Mehta, COO of Innovation Mission Punjab, discussed creativity's role in business. He showed how innovation, paired with strategic planning, yields lasting success, and advised building problem-solving skills, critical thinking, openness to ideas, collaboration, and strong execution.

Dr. Nidhi Gupta, Director of the Department of Business Management and Commerce, closed with a vote of thanks. She thanked the speakers, organizers, and participants for a resounding success, crediting the team's efforts and students' energy.

Participants left inspired by the insights gained. This event underscores Desh Bhagat University's dedication to building entrepreneurship, innovation, and industry-ready skills, equipping students for a dynamic global arena.



## देश भगत विश्वविद्यालय ने वैश्विक प्रगति को प्रेरित करने हेतु विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया

देश भगत विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग ने इनोवेशन मिशन पंजाब कैंपस एंबेसडर तथा डीबीयू संस्थान के इनोवेशन काउंसिल (प्प्ब्) के सहयोग से विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस को उत्साह एवं छात्रों की सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया। "वैश्विक प्रगति के लिए रचनात्मकता का उपयोग" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में नवाचार की उस शक्ति को उजागर किया गया, जो एक सतत एवं समावेशी भविष्य के निर्माण में सहायक है।

डॉ. तवनीत के. रीन, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों में डॉ. जोरा सिंह, माननीय कुलाधिपति, तथा डॉ. तजिंदर कौर, प्रो–कुलाधिपति शामिल थे। अन्य विशिष्ट उपस्थितजनों में डॉ. संदीप सिंह, अध्यक्षय डॉ. गगनदीप कौर एवं डॉ. हर्ष सदावर्ती, कुलपतिय डॉ. गुरदीप सिंह बत्रा, प्र–कुलपति (आरडीसी)य डॉ. निधि गुप्ता, निदेशकय डॉ. दिनेश, संयोजक, डीबीयू प्प्ब्य तथा डॉ. बलदीप सिंह, विभागीय समन्वयक, डीबीयू प्प्ब सम्मिलित थे।

डॉ. दिनेश ने स्वागत भाषण के साथ औपचारिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने हेतु छात्रों में रचनात्मकता के पोषण पर बल दिया और कहा कि नवाचार केवल प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों, दृष्टिकोणों एवं कार्यप्रणालियों में भी समाहित होता है, जो समाज में वास्तविक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने जिज्ञासा, समालोचनात्मक चिंतन एवं अनुकूलनशीलता अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. जोरा सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विषय से जोड़ते हुए कहा कि रचनात्मकता सभी क्षेत्रों में प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व है कि वे नवोन्मेषी विचारों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक उन्नति युवा मस्तिष्कों की रचनात्मक सोच एवं जिम्मेदार कार्यों पर निर्भर करती है।

मुख्य वक्ता पीडीजी अमजद अली, सीईओ, केयरवेल इंटरनेशनल इंक., ने वैश्विक नवाचार पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में रचनात्मकता उद्यमिता एवं आर्थिक विकास को गति देती है। उन्होंने अनुकूलनशीलता, नेतृत्व एवं आजीवन शिक्षण के महत्व को रेखांकित किया तथा छात्रों को अपने विचारों को व्यावहारिक समाधान में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया।

श्री आशीष मेहता, मुख्य परिचालन अधिकारी, इनोवेशन मिशन पंजाब ने व्यवसाय में रचनात्मकता की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवाचार जब रणनीतिक योजना के साथ जुड़ता है, तो दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने समस्या–समाधान कौशल, समालोचनात्मक सोच, नए विचारों के प्रति खुलेपन, सहयोग एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. निधि गुप्ता, निदेशक, व्यवसाय प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने वक्ताओं, आयोजकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता का श्रेय टीम के प्रयासों एवं छात्रों के उत्साह को दिया।

प्रतिभागी इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर लौटे। यह आयोजन देश भगत विश्वविद्यालय की उद्यमिता, नवाचार एवं उद्योगोन्मुख कौशलों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे छात्र वैश्विक परिदृश्य में सफल होने के लिए तैयार हो सकें।






Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+
ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## Desh Bhagat University Celebrates Nurses Week 2026 with Enthusiasm and Sportsmanship

The School of Nursing at Desh Bhagat University inaugurated Nurses Week 2026 with great enthusiasm under the global theme, "Our Nurses, Our Future: Empowered Nurses Save Lives." The week-long celebration aims to honor the invaluable contribution of nurses in strengthening the healthcare system and promoting compassionate patient care.

The programme was organized under the guidance of Principal Dr. Lovesampuranjot Kaur, Deputy Director Dr. Prabhjot Singh, and Vice Principal Prof. Sukhvinder Kaur, with active participation from faculty members and students. The celebrations received strong support from Chancellor Dr. Zora Singh, Pro-Chancellor Dr. Tejinder Kaur, and Vice-Chancellor Dr. Harsh Sadawarti, whose leadership continues to inspire academic and professional excellence at the university.

Addressing the gathering, Dr. Lovesampuranjot Kaur highlighted the irreplaceable role of nurses in healthcare, emphasizing that compassion, empathy and human touch remain beyond the reach of artificial intelligence. The inaugural ceremony also featured speech and singing competitions, encouraging students to showcase their talent and perspectives on healthcare.

On the second day, the celebrations continued with an energetic Sports Meet, where students enthusiastically participated in activities including Tug of War, Kabaddi, Lemon Spoon Race, Sack Race, Chess, Carrom, and Ludo. The event promoted teamwork, leadership, physical fitness, and stress management among future healthcare professionals.










## देश भगत यूनिवर्सिटी ने उत्साह और खेल भावना के साथ मनाया नर्सिंग सप्ताह–2026

देश भगत यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य' की वैश्विक थीम के अंतर्गत नर्सिंग सप्ताह–2026 का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने तथा संवेदनशील एवं मानवीय रोगी देखभाल को प्रोत्साहित करने में नर्सों के अमूल्य योगदान का सम्मान करना है।

यह कार्यक्रम प्रिंसिपल डॉ. लवसंपूर्णजोत कौर, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रभजोत सिंह और वाइस प्रिंसिपल प्रो. सुखविंदर कौर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

इस कार्यक्रम को चांसलर डॉ. जोरा सिंह, प्रो–चांसलर डॉ. तेजिंदर कौर तथा वाइस–चांसलर डॉ. हर्ष सदावरती का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिनका नेतृत्व यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता को निरंतर प्रेरित करता है।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. लवसंपूर्णजोत कौर ने स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि संवेदनशीलता एवं मानवीय स्पर्श ऐसी विशेषताएँ हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पहुंच से भी परे हैं।

उद्घाटन समारोह के दौरान भाषण और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवा के प्रति अपनी प्रतिभा और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने रस्साकशी, कबड्डी, लेमन–स्पून दौड़, बोरी दौड़, शतरंज, कैरम और लूडो जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम ने भावी स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक फिटनेस और तनाव प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण गुणों को बढ़ावा दिया।

Desh Bhagat University Research. Innovation. Entrepreneurship. 1972 | NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## DBGS Celebrates Mother's Day with Enthusiasm and Joy

A joyful and memorable Mother's Day Celebration was organized at the Desh Bhagat Global School premises to honour and appreciate the unconditional love, care, and dedication of mothers.

The celebration commenced with a warm welcome to the respected Principal Ms Indu Sharma, followed by a delightful performance by the teachers to make all the mothers feel special and appreciated. One of the major highlights of the event was the Ramp Walk Round, where mothers confidently walked on stage, showcasing their grace, confidence, and vibrant personalities.

The programme continued with an exciting Talent Round featuring Dance, Singing, Art, and Mehendi competitions.

During the Prize Distribution Ceremony, Principal Ms. Indu Sharma honoured the winners with special titles including Dancing Diva, Nightingale Mom, Heena Queen, Artistic Mom, Grace in Style, and Million Dollar Smile.

School Chairman Dr. Zora Singh and General Secretary Dr. Tajinder Kaur extended their gratitude to all the mothers for gracing the occasion with their vibrant presence.



## देश भगत ग्लोबल स्कूल में मां दिवस उत्साह और खुशियों के माहौल में मनाया गया

देश भगत ग्लोबल स्कूल में माताओं के प्यार, देखभाल और समर्पण को सम्मानित करने के लिए एक खुशियों से भरा और यादगार मदर्स डे समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत स्कूल की प्रिंसिपल इंदु शर्मा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद अध्यापकों द्वारा सभी माताओं को विशेष और सराहनीय महसूस करवाने के लिए एक मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक राउंड रहा, जहां माताओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर चलकर अपनी गरिमा, आत्मविश्वास और जीवंत व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम आगे एक रोचक प्रतिभा प्रदर्शन दौर के साथ जारी रहा, जिसमें नृत्य, गायन, कला और मेहंदी प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रिंसिपल इंदु शर्मा ने विजेताओं को ''डांसिंग दीवा'', ''नाइटिंगेल मॉम'', ''हीना क्वीन'', ''आर्टिस्टिक मॉम'', ''ग्रेस इन स्टाइल'' और ''मिलियन डॉलर स्माइल'' जैसे विशेष खिताबों से सम्मानित किया।

इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. जोरा सिंह और जनरल सेक्रेटरी डॉ. तजिंदर कौर ने सभी माताओं का अपनी जीवंत उपस्थिति से समारोह को शानदार बनाने के लिए धन्यवाद किया।





Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## International Nurses Day Celebrated with Great Enthusiasm at Desh Bhagat University

The School of Nursing at Desh Bhagat University (DBU) celebrated International Nurses Day with immense enthusiasm, dedication, and team spirit. The week-long celebration was organized to acknowledge and honour the selfless service, compassion, and unwavering commitment of nurses towards society and the healthcare sector.

The programme was conducted under the esteemed guidance of Prof. (Dr.) Lovesampuranjot Kaur, Principal; Prof. (Dr.) Prabhjot Singh, Deputy Director; and Prof. Sukhvinder Kaur, Vice Principal, along with the dedicated support of faculty members and students of the School of Nursing.

The event was further enriched by the gracious support of the Hon'ble Chancellor, Dr. Zora Singh, whose visionary leadership continues to inspire the University's pursuit of academic and professional excellence. The occasion was also honoured by the esteemed patronage of Pro-Chancellor, Dr. Tejinder Kaur, and the dynamic guidance of Vice-Chancellor, Dr. Harsh Sadawarti, whose continuous encouragement fosters integrity, innovation, and excellence across the institution.

As part of the Nurses Week celebrations held a wide range of educational, cultural, and sports activities were organized for students and faculty members. The activities included Tug of War, Lemon Race, Three-Leg Race, Kabaddi Competition, Model Exhibition, Poster Making, Health Awareness Activities, Cultural Performances and various recreational games. Students participated enthusiastically in all events, showcasing remarkable creativity, teamwork, talent, and sportsmanship.

The grand celebration of International Nurses Day was held and commenced with the ceremonial lamp lighting and floral welcome of the dignitaries, followed by the University Anthem. Faculty members, students, and distinguished guests participated wholeheartedly in the programme. The cultural segment featured vibrant Punjabi folk dances, Bollywood performances, and melodious musical presentations, adding colour and joy to the celebration.

Addressing the gathering, the Hon'ble Chancellor, Dr. Zora Singh, appreciated the invaluable contribution of nurses in strengthening healthcare services and emphasized the importance of compassion, discipline, professionalism, and dedication in the nursing profession. He encouraged nursing students to continue serving humanity with sincerity, empathy, and commitment.

One of the major highlights of the event was the prize distribution ceremony organized to recognize the winners of various competitions conducted during Nurses Week. Prizes and certificates were awarded to the winners of Tug of War, Lemon Race, Kabaddi, Three-Leg Race, Model Exhibition, and several other activities. Participants were applauded for their active involvement and outstanding performances throughout the celebrations.






## देश भगत यूनिवर्सिटी में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

देश भगत यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस को अत्यंत उत्साह, समर्पण और टीम भावना के साथ मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन का उद्देश्य समाज और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के प्रति नर्सों की निस्वार्थ सेवा, करुणा और अटूट समर्पण को सम्मान देना था।

यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) लवसंपूरणजोत कौर, प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) प्रभजोत सिंह, डिप्टी डायरेक्टरय तथा प्रो. सुखविंदर कौर, वाइस प्रिंसिपल के प्रतिष्ठित मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। साथ ही स्कूल ऑफ नर्सिंग के फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों का समर्पित सहयोग भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को माननीय चांसलर डॉ. जोरा सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व से विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर प्रो–चांसलर डॉ. तेजिंदर कौर का संरक्षण तथा वाइस–चांसलर डॉ. हर्ष सदावर्ती का प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ, जिनका निरंतर उत्साहवर्धन संस्थान में ईमानदारी, नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है।

एक सप्ताह तक आयोजित नर्सेस वीक के अंतर्गत विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के लिए विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें रस्साकशी, लेमन रेस, थ्री–लेग रेस, कबड्डी प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर मेकिंग, स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कई मनोरंजक खेल शामिल थे। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, टीमवर्क, प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गणमान्य अतिथियों के पुष्प स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद विश्वविद्यालय गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों, विद्यार्थियों और विशिष्ट अतिथियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगारंग पंजाबी लोक नृत्य, बॉलीवुड प्रस्तुतियां और मधुर संगीत कार्यक्रम शामिल रहे, जिन्होंने समारोह को उल्लास और रंगों से भर दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए माननीय चांसलर डॉ. जोरा सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में नर्सों के अमूल्य योगदान की सराहना की और नर्सिंग पेशे में करुणा, अनुशासन, पेशेवरता और समर्पण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने नर्सिंग विद्यार्थियों को मानवता की सेवा ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें नर्सेस वीक के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। रस्साकशी, लेमन रेस, कबड्डी, थ्री–लेग रेस, मॉडल प्रदर्शनी तथा अन्य गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना की गई।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, केक कटिंग समारोह तथा सभी नर्सिंग पेशेवरों के लिए शुभकामनाओं के साथ हुआ। पूरा आयोजन नर्सों और मानवता के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं के प्रति कृतज्ञता, एकता और गहरे सम्मान की भावना को दर्शाता रहा।





# THE NEWSLETTER

DBU Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+
ACCREDITED UNIVERSITY

## Desh Bhagat University Students Shine at AIU Gatka Championship, Win 11 Bronze Medals

Desh Bhagat University students have brought pride and glory to the institution with an outstanding performance at the AIU Gatka Championship held at University of Kota (Rajasthan). The university's talented athletes showcased remarkable dedication, discipline, and sportsmanship, securing a total of 11 bronze medals in various categories.

The Women's Gatka Team excelled in the Single Soti category and won the Bronze Medal for the university. The team members included Sonam Bishnoi (BPES), Amanpreet Kaur (MCAI), and Kalpana (PG Yoga), who demonstrated exceptional skill and teamwork throughout the championship.

In the Men's Gatka Full Strike (Fari Soti) category, the Bronze Medal was secured by Arman (PG Yoga), Ranjeet Bath (PG Yoga), Kishna Ram (PG Yoga), and Mahipal Roz (PG Yoga).

Adding to the university's achievements, the Men's Single Soti Full Strike team also claimed the Bronze Medal. The medal winners in this category were Parveen Kumar (PG Yoga), Ravindra (PG Yoga), Sunil Kumar (BPES), and Vikash (BPES).

These achievements stand as a testament to the hard work, perseverance and commitment of the students.

On this proud occasion, Chancellor Dr. Zora Singh, Pro-Chancellor Dr. Tejinder Kaur, and Vice-Chancellor Dr. Harsh Sadawarti, along with faculty members, extended their heartfelt congratulations to all the winners and wished them continued success in their future endeavors.






## देश भगत यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने एआईयू गतका चौंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

देश भगत यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने कोटा यूनिवर्सिटी (राजस्थान) में आयोजित एआईयू गतका चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने समर्पण, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विभिन्न वर्गों में कुल 11 कांस्य पदक अपने नाम किए।

महिला गतका टीम ने सिंगल सोटी वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी के लिए कांस्य पदक जीता। टीम में सोनम बिश्नोई (बीपीईएस), अमनप्रीत कौर (एमसीएआई) और कल्पना (पीजी योगा) शामिल थीं, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा पुरुष गतका फुल स्ट्राइक (फ्री सोटी) वर्ग में अरमान (पीजी योगा), रणजीत बाठ (पीजी योगा), किशना राम (पीजी योगा) और महीपाल रोज (पीजी योगा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों में और वृद्धि करते हुए पुरुष सिंगल सोटी फुल स्ट्राइक टीम ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। इस वर्ग में पदक विजेता प्रवीण कुमार (पीजी योगा), रविंदर (पीजी योगा), सुनील कुमार (बीपीईएस) और विकास (बीपीईएस) रहे। ये उपलब्धियां विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर चांसलर डॉ. जोरा सिंह, प्रो–चांसलर डॉ. तेजिंदर कौर तथा वाइस–चांसलर डॉ. हर्ष सदावरती ने फैकल्टी सदस्यों के साथ सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## Agrim Club of Desh Bhagat University Hosts Grand Adieu and Alumni Meet 2026

The Agrim Club, under the aegis of Desh Bhagat University, successfully organized the Adieu (Farewell) and Alumni Meet 2026 at the APJ Abdul Kalam Seminar Hall. The event drew enthusiastic participation from students, alumni, faculty, and dignitaries, creating a memorable blend of emotions, celebrations, and cherished memories.

The program began with a floral welcome for Hon'ble Dr. Zora Singh, Chancellor, and Dr. Tajinder Kaur, Pro-Chancellor, followed by ceremonial lamp lighting and the DBU Anthem.

Prof. (Dr.) H. K. Sidhu, Director of the Faculty of Agriculture and Life Sciences, warmly welcomed the gathering. She inspired attendees with the words: "Education is a dress rehearsal for a life that is yours to lead."

Vibrant cultural performances by outgoing and junior students infused the event with energy and color. Highlights included the crowning of Ms. Jagriti Rajput as Ms. Fresher and Mr. Andleeb as Mr. Fresher; Ms. Avantia received the Ms. Personality title, and Mr. Rahul Raj was awarded Mr. Personality.

The Alumni Meet segment shone as alumni from across Indian states and abroad shared inspiring experiences, achievements, and fond memories. Their stories motivated current students and reinforced tes with the university.

Event organizer Dr. Avinash Kumar Bhatia emphasized how student-life memories shape personality and growth. Dr. Simranjeet Kaur expertly hosted the proceedings, complemented by engaging activities for faculty.

## देश भगत यूनिवर्सिटी के अग्रिम क्लब द्वारा भव्य विदाई समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन 2026 का आयोजन

देश भगत यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में अग्रिम क्लब द्वारा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सेमिनार हॉल में विदाई समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, अध्यापकों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम भावनाओं, उल्लास और मधुर स्मृतियों का अविस्मरणीय संगम बन गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय डॉ. जोरा सिंह, कुलाधिपति, तथा डॉ. तजिंदर कौर, प्रति–कुलाधिपति के पुष्प स्वागत से हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं डीबीयू गान प्रस्तुत किया गया।

कृषि एवं जीवन विज्ञान संकाय की निदेशक प्रो. (डॉ.) एच. के. सिद्धू ने उपस्थित जनसमूह का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहाकृ

"शिक्षा उस जीवन का पूर्वाभ्यास है, जिसका नेतृत्व आपको स्वयं करना है।"

विदाई ले रहे एवं कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में उत्साह और रंग भर दिए। मुख्य आकर्षणों में सुश्री जागृति राजपूत को मिस फ्रेशर तथा श्री अंदलीब को मिस्टर फ्रेशर का ताज पहनाया गया। सुश्री अवंतिया को मिस पर्सनैलिटी तथा श्री राहुल राज को मिस्टर पर्सनैलिटी सम्मान प्रदान किया गया।

पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से आए पूर्व छात्रों ने अपने प्रेरणादायक अनुभव, उपलब्धियाँ और मधुर स्मृतियाँ साझा कीं। उनके अनुभवों ने वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय के साथ उनके संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. अविनाश कुमार भाटिया ने कहा कि छात्र जीवन की स्मृतियाँ व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं विकास को आकार देती हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. सिमरनजीत कौर ने किया। साथ ही अध्यापकों के लिए भी रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कुलाधिपति एवं प्रति–कुलाधिपति ने कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की। अपने संबोधन में डॉ. जोरा सिंह ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि वे सदैव डीबीयू परिवार का अभिन्न अंग रहेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय का सहयोग उन्हें निरंतर प्राप्त होता रहेगा।

अंत में डॉ. अविनाश कुमार भाटिया द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय गुप्ता, डॉ. सचिन भारद्वाज, सुश्री शिवांगी सूद तथा श्री रविंदर सिंह भी उपस्थित रहे।









# THE NEWSLETTER

## DBGS Students Excel in Class XII CBSE Board Examination

Desh Bhagat Global School (DBGS) has once again brought laurels to the institution with its outstanding performance in the Class XII CBSE Board Examination. The excellent results reflect the hard work, dedication, and academic excellence of the students and faculty members.

Among the top achievers, Jashandeep Kaur secured the first position in the school, followed by Komalpreet Kaur in second position, Avni Gupta in third position, and Loveleen Kaur in fourth position. Their remarkable achievement has made the school, parents, and the entire community proud.

The school also celebrated the exceptional performance of its subject toppers, including Harshpreet Singh, Gauri Vaishnav, Parneet Kaur, Deeksha Thakur, Hasreet Kaur, Anshika Sharma, Kashika, Keshav Verma, and Saanvi, who excelled in their respective subjects with commendable scores.

The students attributed their success to the constant encouragement, guidance, and support provided by the school management and teachers.

Principal Ms. Indu Sharma congratulated the students on their outstanding achievement and appreciated their dedication, perseverance, and hard work. She expressed confidence that the students would continue to achieve greater milestones in the future and wished them success in all their endeavors.

Chairman Dr. Zora Singh and General Secretary Dr. Tajinder Kaur also extended heartfelt congratulations to the students, parents, and staff members for the remarkable results. They encouraged the students to continue striving for excellence in academics and life while upholding the values of discipline and commitment.

The stellar performance in the CBSE Board Examination stands as a testament to Desh Bhagat Global School's commitment to quality education and holistic development of students.




## डीबीजीएस के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

देश भगत ग्लोबल स्कूल (डीबीजीएस) ने एक बार पुनः कक्षा 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण की कठोर मेहनत, समर्पण तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचायक है।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में जशनदीप कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमलप्रीत कौर ने द्वितीय, अवनी गुप्ता ने तृतीय तथा लवलीन कौर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं समस्त समाज को अत्यंत गर्व की अनुभूति हुई है।

विद्यालय ने विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों कृ हर्षप्रीत सिंह, गौरी वैष्णव, परनीत कौर, दीक्षा ठाकुर, हसरित कौर, अंशिका शर्मा, काशिका, केशव वर्मा तथा सांवी कृ की भी विशेष सराहना की, जिन्होंने अपने–अपने विषयों में प्रशंसनीय अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए निरंतर प्रोत्साहन, मार्गदर्शन तथा सहयोग को दिया।

प्रधानाचार्या श्रीमती इंदु शर्मा ने विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके समर्पण, धैर्य एवं कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी भविष्य में भी उच्चतम उपलब्धियाँ प्राप्त करते रहेंगे तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल के अध्यक्ष डॉ. जोरा सिंह एवं महासचिव डॉ. तजिंदर कौर ने भी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा विद्यालय स्टाफ को इस उल्लेखनीय परिणाम हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा एवं जीवन दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में यह शानदार प्रदर्शन देश भगत ग्लोबल स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।






# THE NEWSLETTER








## DBU Professor Dr. Ajaypal Singh Honoured at international literary event

At the international literary event organized at Sahitya Akademi's Ravindra Bhavan in New Delhi, noted litterateur and Dalit thinker from Desh Bhagat University, Professor Dr. Ajaypal Singh Shekhawat, was honoured for his remarkable participation as the chief speaker in the "Ravivariya Kahani Varta" programme.

The event was organized by Himalaya Virasat Trust and Lekhak Gaon on the occasion of completing 150 weeks of the weekly programme "Ravivariya Kahani Varta," which focuses on the stories of former Union Education Minister, former Chief Minister of Uttarakhand, and renowned litterateur Ramesh Pokhriyal 'Nishank'.

During the ceremony, celebrated humor poet Ashok Chakradhar, Ramesh Pokhriyal 'Nishank', K. G. Suresh, Secretary of Sahitya Akademi Professor Varun Kumar Gulati, Professor Darshan Pandey, and Ashna Negi presented the honour to Dr. Ajaypal Singh Shekhawat.

On this achievment Chancellor Dr. Zora Singh, Pro-Chancellor Dr. Tajinder Kaur, and Vice-Chancellor Dr. Harsh Sadawarti of Desh Bhagat University described it as a proud literary moment for the university. Hundreds of writers and literary figures from across the country participated in the programme.

## डीबीयू के डॉ. अजयपाल सिंह अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में सम्मानित

साहित्य अकादमी के रविन्द्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में देश भगत विश्वविद्यालय,पंजाब के साहित्यकार एवं दलित चिंतक, प्रोफेसर डॉ. अजयपाल सिंह शेखावत को ''रविवारीय कहानी वार्ता'' में मुख्य वक्ता के रूप में उल्लेखनीय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन हिमालय विरासत ट्रस्ट एवं लेखक गांव द्वारा पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की कहानियों पर केंद्रित साप्ताहिक कार्यक्रम ''रविवारीय कहानी वार्ता'' के 150 सप्ताह पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह में देश के विख्यात हास्य कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', के. जी. सुरेश,साहित्य अकादमी के सचिव प्रो. वरुण कुमार गुलाटी, प्रो. दर्शन पाण्डेय तथा आशना नेगी ने डॉ. अजयपाल सिंह शेखावत को सम्मान प्रदान किया।

इस प्राप्ति पर देश भगत विश्वविद्यालय, मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब के चांसलर डॉ. जोरा सिंह ,प्रो. चांसलर डॉ. तजिंदर कौर एवं वाइस चांसलर डॉ. हर्ष सदावर्ती ने इसे देश भगत विश्वविद्यालय के लिए साहित्यिक गौरवपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम में देश के कोने कोने से सैकड़ों साहित्यकारों ने भाग लिया।

# THE NEWSLETTER

## Dbu Agriculture Students Mark World Bee Day With Experiential Visit To Tiwana Bee Farm

The Agrim Club of the Faculty of Agriculture and Life Sciences, Desh Bhagat University (DBU), observed World Bee Day 2026 with an educational visit to Tiwana Bee Farm in Doraha. The outing provided students with hands-on exposure to bee farming techniques and conservation practices, reinforcing the vital role of pollinators in sustainable agriculture and ecosystem health.

The event opened with inspiring remarks from Vice Chancellor Prof. (Dr.) Harsh Sadawarti, who emphasized the importance of bee welfare and highlighted the economic and ecological benefits of beekeeping for farming communities. Prof. (Dr.) H.K. Sidhu, Dean of Agriculture and Life Sciences, spoke on this year's World Bee Day theme, "Bee Together for the People and the Planet: A Partnership that Sustains Us All," underscoring bees' critical contribution to ecological balance and food security.

Dr. Avinash Kumar Bhatia, event organizer, guided students through practical demonstrations at the apiary and stressed the need for conservation of both flora and fauna. He encouraged student involvement in ongoing environmental preservation initiatives and community outreach programs to raise awareness about pollinator protection.

Hon'ble Chancellor Dr. Zora Singh and Pro-Chancellor Dr. Tajinder Kaur lauded the department's initiative, praising the Agrim Club for organising a value-based, awareness-oriented programme that blends academic learning with real-world agricultural practice.

The visit included a tour of beehive management operations, demonstrations of protective and handling techniques, and discussions on sustainable practices that support bee populations, including habitat conservation and pollinator-friendly cropping systems. Students left with enhanced practical knowledge and a renewed commitment to incorporating pollinator-supportive measures into future agricultural work.







## डीबीयू कृषि विद्यार्थियों ने टिवाना बी फार्म के अनुभवात्मक भ्रमण के साथ विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया

देश भगत विश्वविद्यालय (डीबीयू) के कृषि एवं जीवन विज्ञान संकाय के एग्रीम क्लब ने विश्व मधुमक्खी दिवस 2026 के अवसर पर दोराहा स्थित टिवाना बी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन की तकनीकों एवं संरक्षण संबंधी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया तथा सतत कृषि एवं पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में परागणकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) हर्ष सदावर्ती के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने मधुमक्खियों के संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कृषक समुदायों के लिए मधुमक्खी पालन के आर्थिक एवं पारिस्थितिक लाभों को रेखांकित किया। कृषि एवं जीवन विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) एच.के. सिद्धू ने इस वर्ष के विश्व मधुमक्खी दिवस की थीम "लोगों और पृथ्वी के लिए मिलकर मधुमक्खियों का संरक्षण : एक साझेदारी जो हम सभी को बनाए रखती है" पर प्रकाश डालते हुए पारिस्थितिक संतुलन एवं खाद्य सुरक्षा में मधुमक्खियों के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. अविनाश कुमार भाटिया ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन केंद्र में व्यावहारिक प्रदर्शन करवाए तथा वनस्पति एवं जीव–जंतुओं दोनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण संबंधी निरंतर अभियानों एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया, ताकि परागणकर्ताओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

माननीय कुलाधिपति डॉ. जोरा सिंह एवं प्रो–कुलाधिपति डॉ. तजिंदर कौर ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए एग्रीम क्लब की प्रशंसा की, जिसने शैक्षणिक अध्ययन को वास्तविक कृषि व्यवहार से जोड़ने वाला मूल्य–आधारित एवं जागरूकता उन्मुख कार्यक्रम आयोजित किया।

इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मधुमक्खी छत्तों के प्रबंधन कार्यों का अवलोकन किया, सुरक्षा एवं संचालन तकनीकों का प्रदर्शन देखा तथा मधुमक्खियों की संख्या बढ़ाने हेतु अपनाई जाने वाली सतत प्रक्रियाओं, जैसे आवास संरक्षण एवं परागणकर्ता–अनुकूल फसल प्रणालियों, पर चर्चा की। विद्यार्थी इस भ्रमण से व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि तथा भविष्य के कृषि कार्यों में परागणकर्ताओं के संरक्षण संबंधी उपायों को अपनाने के नए संकल्प के साथ लौटे।



# THE NEWSLETTER

Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+
ACCREDITED UNIVERSITY

## Desh Bhagat Ayurvedic College Completes International Research Project on Vedic & Ayurvedic Dietetics

Desh Bhagat Ayurvedic College & Hospital, in collaboration with Tilak Maharashtra Vidyapeeth (TMV), has successfully completed an International Collaborative Research Project titled "Development of Inventory of Diet & Dietetics from Vedic & Ayurvedic Literature."

Funded by Global Services India & Canada, the project focused on compiling and scientifically documenting valuable references related to dietetics, nutrition, and food practices from ancient Vedic and Ayurvedic texts. The initiative highlights the significance of traditional Indian dietary wisdom in promoting health and preventing lifestyle disorders in contemporary society.

The extensive research has now been converted into a comprehensive book aimed at academic and research purposes. The publication is expected to become a valuable reference source for Ayurveda scholars, researchers, nutrition experts, and healthcare professionals across the globe.

The project received guidance and support from eminent academicians and researchers from both collaborating institutions. Late Dr. Deepak J. Tilak served as the Chief Patron of the project. Dr. Zora Singh, Honourable Chancellor, Dr. Tajinder Kaur, Pro-Chancellor of Desh Bhagat University, and Dr. Rohit Tilak, President of TMV Trust, Pune, extended valuable patronage and encouragement.

Prof. (Dr.) Abhijit H. Joshi and Dr. Kulbhushan Sharma served as Project Heads, while Dr. Manoja Joshi and Dr. Darshana worked as Principal Investigators. Dr. Amandeep Sharma and Dr. Jyoti Dhami from Desh Bhagat Ayurvedic College & Hospital actively contributed to the successful completion of the project.

The publication of the research work in book form marks a significant step towards preserving and promoting the rich Ayurvedic dietary heritage at the international level and is expected to further strengthen academic collaborations and research in Ayurveda and integrative healthcare.







## देश भगत आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल ने वैदिक एवं आयुर्वेदिक आहार–विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना पूर्ण की

देश भगतआयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल ने तिलक विद्यापीठ के सहयोग से "वैदिक एवं आयुर्वेदिक साहित्य से आहार एवं आहार–विज्ञान की सूची का विकास" शीर्षक अंतरराष्ट्रीय संयुक्त शोध परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है।

ग्लोबल सर्विसेज इंडिया एवं कनाडा द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्राचीन वैदिक एवं आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित आहार–विज्ञान, पोषण तथा खाद्य परंपराओं से संबंधित महत्वपूर्ण संदर्भों का संकलन एवं वैज्ञानिक अभिलेखीकरण करना था। यह पहल आधुनिक समाज में स्वास्थ्य संवर्धन तथा जीवनशैली संबंधी रोगों की रोकथाम हेतु भारतीय पारंपरिक आहार–ज्ञान के महत्व को रेखांकित करती है।

इस विस्तृत शोध कार्य को अब शैक्षणिक एवं अनुसंधान प्रयोजनों हेतु एक व्यापक ग्रंथ का रूप दिया गया है। यह प्रकाशन आयुर्वेद के विद्वानों, शोधकर्ताओं, पोषण विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के लिए विश्वभर में एक महत्वपूर्ण संदर्भ स्रोत सिद्ध होने की अपेक्षा रखता है।

परियोजना को दोनों सहयोगी संस्थानों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। स्वर्गीय डा दीपक जे. तिलक ने परियोजना के मुख्य संरक्षक के रूप में योगदान दिया। चांसलर डा. जोरा सिंह, प्रो–चाँसलर डा. तजिंदर कौर तथा त्तमेपकमदज व ज्डिट त्तनेज, च्नदम डा. रोहित तिलक ने महत्वपूर्ण संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

प्रो (डा) अभिजीत जोशी एवं डा  कुलभूषण शर्मा ने परियोजना प्रमुख के रूप में कार्य किया, जबकि डा. मनोजा जोशी तथा डा  दर्शना, प्रधान अन्वेषक रहीं। डा अमनदीप शर्मा एवं डा ज्योति धामी ने भी परियोजना की सफल पूर्णता में सक्रिय योगदान दिया।

इस शोध कार्य का पुस्तक रूप में प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेदिक आहार परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे आयुर्वेद तथा समन्वित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग एवं अनुसंधान को और अधिक सुदृढ़ता मिलने की संभावना है।







/deshbhagatuniversity /deshbhagatuniversity /DBUIndia

# THE NEWSLETTER

DBU Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+
ACCREDITED UNIVERSITY

## Desh Bhagat Global School Organizes Fun-Filled Trip to Queensland Water Park



Desh Bhagat Global School organized an educational and recreational trip to Queensland Water Park for students from Balvatika to Grade III. The trip witnessed enthusiastic participation from the young learners, who thoroughly enjoyed the exciting and refreshing outing.

The trip provided a welcome escape from the summer heat as students experienced thrilling water rides and various amusement park attractions. They also participated in lively dance performances and engaging group activities that promote teamwork, confidence, and camaraderie among peers. The day concluded with a delicious lunch at the park's restaurant.

Principal Indu Sharma appreciated the teachers and staff members on duty for ensuring the smooth and safe conduct of the trip.

School Chairman Dr. Zora Singh and General Secretary Dr. Tajinder Kaur emphasized that co-curricular activities play a vital role in the holistic development, mental and overall growth of students.




## देश भगत ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों का क्वींसलैंड वाटर पार्क में शैक्षिक एवं मनोरंजक दौरा



देश भगत ग्लोबल स्कूल द्वारा बालवाटिका से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए क्वींसलैंड वाटर पार्क का एक शैक्षिक एवं मनोरंजक दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस रोचक एवं ताजगीभरी यात्रा का भरपूर आनंद लिया।

इस यात्रा ने विद्यार्थियों को गर्मी से राहत प्रदान की। बच्चों ने रोमांचक वाटर राइड्स तथा विभिन्न मनोरंजन पार्क आकर्षणों का आनंद उठाया। इसके साथ ही उन्होंने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों और दिलचस्प समूह गतिविधियों में भाग लिया, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना, आत्मविश्वास और आपसी मित्रता को बढ़ावा मिला। दिन का समापन पार्क के रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट दोपहर के भोजन के साथ हुआ।

स्कूल की प्रिंसिपल इंदु शर्मा ने इस मनोरंजक यात्रा के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी पर तैनात अध्यापकों और स्टाफ सदस्यों की सराहना की।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. जोरा सिंह और जनरल सेक्रेटरी डॉ. तजिंदर कौर ने कहा कि सह–पाठयक्रम गतिविधियाँ विद्यार्थियों के संपूर्ण, मानसिक एवं समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

Desh Bhagat University
Research. Innovation. Entrepreneurship.
1972
NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

# THE NEWSLETTER

## Desh Bhagat University Inaugurates State-of-the-Art Audio-Visual Media Studio

Desh Bhagat University celebrated a significant advancement in its teaching and media capabilities with the inauguration of a new Audio-Visual Studio on its Mandi Gobindgarh campus.

The studio was officially inaugurated by Hon'ble Chancellor Dr. Zora Singh and Pro-Chancellor Dr. Tajinder Kaur, in the presence of senior university leaders, faculty, and distinguished guests. The new facility underscores the university's commitment to innovation, digital learning, and enhanced communication resources for both students and academic staff.

In his remarks, Dr. Zora Singh highlighted the critical role of modern technological infrastructure in higher education, adding that the Audio-Visual Studio will offer students hands-on experience and broaden learning opportunities in media and communication disciplines.

Dr. Tajinder Kaur Pro-chancellor noted that the university continually seeks to introduce contemporary facilities that support skill development and academic excellence among students.

Other dignitaries at the event included Dr. Sandeep Singh, President of Desh Bhagat University, and Dr. Harsh Sadawarti, Vice-Chancellor, who welcomed the initiative and expressed confidence that the studio would serve as a vital platform for creative learning, recording, broadcasting, and the production of academic content. Also present were Mr. Avtar Singh, Assistant Director (Media), and Mr. Paramvir Janagal, Public Relations Officer.

The ceremony concluded with a vote of thanks from Dr. Surjit Kaur Patheja, Director of Performing Arts and Media, who also extended appreciation to everyone involved in establishing the facility











## देश भगत विश्वविद्यालय ने अत्याधुनिक ऑडियो–विजुअल मीडिया स्टूडियो का उद्घाटन किया

देश भगत विश्वविद्यालय ने अपने मंडी गोबिंदगढ़ परिसर में नए ऑडियो–विजुअल स्टूडियो के उद्घाटन के साथ शिक्षण और मीडिया क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

इस स्टूडियो का औपचारिक उद्घाटन माननीय चांसलर डॉ. जोरा सिंह और प्रो–चांसलर डॉ. तजिंदर कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापकगण तथा विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। यह नई सुविधा नवाचार, डिजिटल शिक्षा तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए उन्नत संचार संसाधनों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अपने संबोधन में डॉ. जोरा सिंह ने उच्च शिक्षा में आधुनिक तकनीकी अवसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ऑडियो–विजुअल स्टूडियो विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा तथा मीडिया और संचार के क्षेत्र में उनके सीखने के अवसरों का विस्तार करेगा।

डॉ. तजिंदर कौर ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर ऐसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है, जो विद्यार्थियों के कौशल विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करें।

समारोह में देश भगत विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह तथा कुलपति डॉ. हर्ष सदावर्ती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह स्टूडियो रचनात्मक शिक्षण, रिकॉर्डिंग, प्रसारण और शैक्षणिक सामग्री के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा। इस अवसर पर सहायक निदेशक (मीडिया) श्री अवतार सिंह तथा जनसंपर्क अधिकारी श्री परमवीर जनागल भी उपस्थित थे।

समारोह का समापन परफॉर्मिंग आर्ट्स एवं मीडिया विभाग की निदेशक डॉ. सुरजीत कौर पथेजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने इस सुविधा की स्थापना में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।